**Fourteenth Loksabha**

**Session : 10**
**Date : 03-05-2007**

**Participants : Rawat Prof. Rasa Singh**

Title: Need to re-open Army Recruiting Office in Ajmer, Rajasthan and revive Ajmer Regiment and Merwara Batallion for providing employment opportunities to the local youths.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर)** : महोदय, अजमेर मेरवाड़ा 1956 ई0 से पूर्व केन्द्र शासित प्रदेश था। 1956 ई0 में इस केन्द्र शासित प्रदेश को राजस्थान राज्य में विलीनीकरण करते समय यह दृढ़ आश्वासन दिया गया था कि अजमेर को जो विशोधिकार एवं सुविधाएं प्राप्त हैं, वे बनी रहेंगी। अजमेर मेरवाड़ा (राजस्थान) एक मार्शल क्षेत्र रहा है। यहां पर आबाद अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के लोग भारतीय सेना के विभिन्न अंगों में भर्ती होकर गर्व का अनुभव करते हैं। कई घरों में दो-दो, तीन-तीन यहां तक कि चार-चार लोग भी सेना में सेवारत हैं। विशोकर रावत, काठात, मेहरात, घोड़ात, राजपूत, कयामखानी, जाट, गुर्जर आदि कौमें युद्धप्रिय रही हैं। इन कौमों के जवानों की अंग्रेजों के जमाने से ही फौज में भर्ती बहुलता से की जाती है। अजमेर में बहुत पुराने समय से भर्ती दफ्तर (रिक्रूटिंग ऑफिस) था, जहां बार-बार भर्ती सुविधापूर्वक होती थी। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि 1997-98 ई0 में अजमेर कैंट में स्थित पुराने और साधन सम्पन्न भर्ती मुख्यालय को बंद कर जयपुर बदल दिया गया और इससे पूर्व अजमेर रेजीमेंट और मेरवाड़ा बटालियनों को आजादी के बाद भंग कर दिया गया। फलस्वरूप अजमेर मेरवाड़ा के लोगों की भर्ती कम होने लग गई और बेकारी और बेरोजगारी फैल कर गरीबी को बढ़ावा मिलने लगा था।

अतः रक्षा मंत्रालय भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर के गौरव को बनाये रखने हेतु सेना भर्ती मुख्यालय (रिक्रूटिंग ऑफिस) पुनः आरंभ किया जाये। अजमेर रेजीमेंट और मेरवाड़ा बटालियन को पुनर्जीवित कर स्थानीय देशभक्त युवाओं को फौज में भर्ती कर अधिक से वा का अवसर दिया जाये।